For Private Circulation only.

NOIW
वयं राष्ट्रे जागृयाम्
Reg. No. NGP - 5330

# संपर्क
# SAMPARK

हमारा श्रध्दा स्थान



श्रध्देय दत्तोपंतजी ठेंगडी

Issue - 1st | President : Hemesh Patel • Gen.Secy. : Atul Deshpande • Working President : Mahadeo Bapat | April 2022



## विनम्र आदरांजली...

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक गणराज्य के संविधान प्रारूप समिती के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर का जन्म 14.04.1891 में मध्यप्रदेश के महू गाव में हुआ था। मुंबई महाविद्यालय, कोलंबीया महाविद्यालय और लंडन स्कुल ऑफ इकोनॉमिक्स से उन्होने अनेक शैक्षणिक उपाधियाँ हासिल की। वे अर्थशास्त्र, कानून और सामाजिक समानता विषय में विशेष रुचि रखने वाले अपने समय से दो सौ साल आगे की सोच रखने वाले विद्वान व्यक्ति थे। उनकी जन्मजयंती के पावन अवसर पर "संपर्क" परिवार की और से उन्हे विनम्र आदरांजली।

## Glimpses of 18th triennial conference of NOIW held at Chennai On 21-22 Feb 2022




**LAMP LIGHTING DIGNITARIES**

Sri Prahalad Singh Patel, Hon'ble Minister of state for Food processing and Jal Shakti, Swamiji Sri Satyaprabhananda Maharaj, Asst Secy of Sri Ramkrishna Matt, Chennai & Office Bearers of NOIW.

### HIGHLIGHTS

- *First time in South Zone.*
- *Central Minister Inaugurating the Conference.*
- *Big gathering of women delegates.*
- *Huge Delegates Participation and Large Number of Newly Recruited Assistants.*
- *Massive Gate Meeting in front of Southern Zonal Office.*





NOIW Zindabad... Zindabad... Zindabad...

## N.O.I.W. के 18 वे अधिवेशन पर पधारे माननीय श्री प्रहलाद सिंहजी पटेल केंद्रीय (राज्य) मंत्री – FOOD PROCESSING एवं जल शक्ति का संदेश




N.O.I.W. के इस 18 वे त्रिवार्षिक अधिवेशन पर आप सब से मिलकर मुझे अपार खुशी और आनंद हो रहा है। N.O.I.W. के एक सदस्य के नाते यह मेरे लिए अभिमान का क्षण है। मुझे पुरा विश्वास है कि आनेवाले समय में मेरा यह संगठन देश, उद्योग और कर्मचारी हित के कार्यो में अव्वल शिखरो को पादाक्रांत करेगा। जब हमारा भारत अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब हमारा संगठन 53 वे साल में अपना कार्य कर रहा है।

निजी हित और देश हित में सतत रूप से एक द्वंद चलता है परंतु N.O.I.W. श्रमिक संगठन के नाते इस हितो के द्वंद को सकारात्मता से कम करते हुए एक सशक्त संगठन के रूप में अविरत आगे बढ़ रहा है और अनेक बीमा कर्मियों के लिए सही रूप में "मेरा संगठन – हमारा संगठन – सशक्त संगठन " की जिम्मेवारी निभा रहा है। N.O.I.W. के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी रहा है।

हमारे प्रधान मंत्री महामहिम नरेंद्र मोदीजी भारत की आजादी के 100 वे साल में – मेरे भारत इस विषय पर विचार करके उस दिशा में कार्य करने का आग्रह करते है, इसी सिलसिले को चलाते हुए हमारे लिए आवश्यक है कि हम " 75 वे साल " में N.O.I.W. इस पर विचार करे और हमारे कार्यो की दिशा और रुख निश्चित करें।

आज 53 वे साल में हमारे सशक्त और अग्रेसर संगठन का राज हमारे उन पुर्व नेताओ की विचार धारा है जिन्होने हमे एक ऐसी नीती और विचारधारा पर चलने को कहा जिसमें राष्ट्र हित सर्वप्रथम है, उद्योग हित उसके बाद में है और फिर हम हमारे बारे में – श्रमिक हित के बारे में सोचते है।

हमने पिछले दो सालों में कोविड़ महामारी में अनेक परेशानियाँ और दिक्कतों का सामना किया है। केंद्र सरकार की "आत्मनिर्भर भारत" पॉलिसी और इस महामारी हेतु उचित VACCINE की मदद से अब यह काले बादल छट गए है और हमे पूरे उत्साह, उमंग और लगन से भविष्य के बारे में सोचना है और प्रगति पथ पर अपना कार्य आगे ले जाना है। हमारे जीवन में अनेक बदलाव आते है और आते रहेंगे, परंतु बदलाव को सकारात्मक नजरिए से देखकर इसमें हमारे विकास और प्रगति के मौके ढूंढकर आगे चलना जरूरी है। EACH CHANGE THAT TAKES PLACE IN OUR NATION, LIFE OR WORKING FIELD BRINGS US AMPLE OPPORTUNITIES FOR GROWTH AND DEVELOPMENT. IT IS FOR US TO MOULD OUR THINKING IN POSITIVE MANNER, REDUCE OUR RESISTANCE TO CHANGE AND GO AHEAD FOR BRIGHT AND SUCCESSFUL FUTURE.

वर्तमान सरकार एक सशक्त भारत के निर्माण हेतु कटिबध्ध है। इस हेतु आनेवाले समय में और कई बदलाव आएंगे। मै आपको विश्वास दिलाता हूँ की यह बदलाव देश और समाज हित हेतु है। "देश हित सर्वोपरी " इस नीती को सामने रखते हुए हमे कई आवश्यक बदलाव करने होंगे और हम इसे करेंगे परंतु इसका उद्देश समाज के किसी भी वर्ग को नुकसान या उनका अहित करना नही है। श्रमिक कल्याण यह भी हमारी नीती है और इस हेतु सरकार सदैव प्रयत्नशील है। अगर किसी मामले में आप सरकार से कोई मदद या बदलाव चाहते है तो इस वार्तालाप हेतु आपका हार्दिक स्वागत है। हमे एक बात को समजना होगा कि जब समग्र विश्व बदलाव से गुजर रहा है तो एक प्रगत राष्ट्र के रूप में हम अलग थलग नहीं रह सकते और हमे भी बदलाव को अपनाना होगा। हमारे सामने बदलाव से अनेक चुनौतियाँ आएगी मगर हमे उसमें से प्रगति के अवसर को ढूंढकर आगे बढ़ना होगा। एक सशक्त श्रमिक संगठन के नाते हमारे निजी प्रयासो को एक संगठित प्रयासो में बुनकर हमे प्रगति पथ पर बढ़ना होगा।

हमारे संगठन के संस्थापक आदरणीय भावनारायणजी, पटवर्धनजी, कुलकर्णीजी और अन्य सभी नेतागणो ने जिस N.O.I.W. का सपना देखा था इसे साकार करना हमारा परम कर्तव्य है। मुझे पुरा विश्वास है कि इस हेतु आनेवाले दिनों में इस CONFERENCE में आप सभी मिलकर विचार विमर्श करेंगे और भविष्य की रणनीती तय करेंगे। मै चाहता हूँ कि इस दो दिन में आप सभी आवश्यक चर्चा में उत्साह और जोश से अपना योगदान दे और हमारे संगठन के उज्ज्वल भविष्य हेतु आवश्यक कार्यक्रम तय करे।

हमारे संगठन के सभी कार्यकलापों में मै हर समय आपके साथ हुं। जब भी जरूरत हो, आप मुझे मिल सकते है और मै आपको आश्वस्त करता हूँ कि आपकी सहायता हेतु मै सदा तत्पर हूँ।

आओ, सब मिलकर हमारे संगठन के विकास और भविष्य हेतु एकजुट होकर कार्य करें। आप और आपके परिवारजन हमेशा स्वस्थ और सेहतमंद रहे ऐसी शुभकामनाओं के साथ नमस्कार।

पुनः आप सभी को मेरी शुभकामनाएँ।

# OFFICE-BEARERS 2022-25




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| PRESIDENT<br>WORKING PRESIDENT | Sri Hemesh Patel<br>SRI M. A. Bapat | Nadiad.<br>Belgaum | | |
| VICE PRESIDENTS | N. Umesh Prasad<br>Rakesh Ranjan Sinha<br>Smt Mitali Banerjee<br>M. Shivashankar | Mysore<br>Patna<br>Jabalpur<br>Hyderabad | U. P. Singh<br>Eknath Prabhat<br>Manoj Joshi<br>Ravi Kaluskar | Gorakhpur<br>Pune<br>Nagpur<br>Vadodara |
| GENERAL SECRETARY | Sri Atul Deshpande | Nagpur | | |
| RESIDENT SECRETARY<br>ORG. SECRETARIES | Dnyanesh Paranjape<br>T. Surikumar | Mumbai<br>Hyderabad | <br>T. N. Ramsubramanian | <br>Chennai |
| TREASURER | Aman Pathak | Nadiad | | |
| OFFICE SECRETARY | M. Salim Vohra | Nadiad | | |
| SECRETARIES | Arvind Kumar<br>Pranab Dutta<br>Rajendra Kadam<br>Milind Agashe | Hajaribagh<br>Silchar<br>Mumbai<br>Pune | Anurag Mishra<br>Kamlesh Mundada<br>Ashok Bhalekar<br>Shivaramkrishnan | Ajmer<br>Amravati<br>Aurangabad<br>Vadodara |
| SPECIAL INVITEES | Himanshu Dubey<br>Lajras Macqwan<br>Ravindra Sahastrabuddhe<br>Raghuveer Reddy<br>Smt Navita Choudhary<br>Prafulla Kulkarni | Gorakhpur<br>Nadiad<br>Nagpur<br>Karimnagar<br>Meerut<br>Aurangabad | Suryakant Chougule<br>Piyush Trivedi<br>G. Shrikant<br>Paresh Parekh<br>Nitin Toke | Mumbai<br>Vadodara<br>Salem<br>Pune<br>Amravati |
| Legal Advisor | Sri Madan Deahpande | Amravati | | |
| Patron - East Zone | Sri Sabyasachi Bhattacharjee | Silchar | | |
| Ex-Officio Members | Yeshwant (Anna) Rayarikar<br>M. V. Dayakar<br>L. G. Krishnan | Pune<br>Hyderabad<br>Chennai | Prasanna Waghmare<br>Kansingh Rathore<br>Rakesh Prasad Mishra | Nagpur<br>Ajmer<br>Shahadol |



नॅशनल ऑर्गनाईजेशन ऑफ इन्शुरन्स वर्कर्स का 18 वा त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन विगत दिनो 21,22 फरवरी 2022 को चेन्नई मे बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। अधिवेशन में आगामी तीन साल के लिये नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस नये कार्यकारिणी के पदाधिकारियोंकी पहली (virtual) बैठक दि.20 मार्च 2022 को आयोजित की गयी थी।

इस बैठक में अनेक विषयोंपर चर्चा की गयी तथा संगठन को मजबुती प्रदान करने हेतु अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

एन.ओ.आय.डब्ल्यु.का काम देश के सभी मंडलों मे पहुचे,इसलिये NOIW प्रयासरत रही है। 2 अप्रेल,2022 से NOIW ने ऑनलाईन मेंबरशीप का ऑप्शन शुरु किया है। इसकी लिंक भी हमने तैयार की है।जो मंडल में हमारा युनीट नही है, वे अगर अपने संगठन से जुड़ना चाहता है, तो वह आसानी से जुड सकता है। इस योजना को ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी तक कैसे पहुचना,इसके बारे मे भी सोचने की आवश्यकता है।

बातचीत करते वक्त हम कई बार बोलते है कि उस डिविजन मे हमारा युनीट नही है,वरना मेरा ये दोस्त है, पहचानवाला है, रिश्तेदार है,पड़ोसी है, ऐसे सभी नाम हमें याद करना होगा। उनसे स्वयं बात करना होगा।उन्हे लिंक forward करनी होगी। उसके बाद follow up भी लेना होगा। ऐसा करने से ही हमें इसमे सफलता मिल सकती है।

एन.ओ.आय.डब्ल्यु.का कुछ वर्षों पहले तक NOIW NEWS BULLETIN के नाम से मासिक पत्रिका निकलती थी। कई वर्षों तक यह पत्रिका सुचारु रुप से निकलती थी। लेकिन कुछ कारणवश वह बंद हो गई। काफी प्रयास किये गये, लेकिन वह पुन: शुरु नही हो सकी। बुलेटिन के माध्यम से एन ओ आय डब्ल्यु के विचार सामान्य सदस्य तथा अन्य कर्मचारियों तक पहुचना बंद हो गया। तभी से सभी के मन मे था कि इसे फिर से शुरु किया जाय।

नई कार्यकारिणी की पहली ही बैठक में इसपर विचारविमर्श हुआ और ऐसा निर्णय हुआ कि फिर से पत्रिका शुरु की जाय। इस हेतु एक समिती का गठन भी किया गया, उसमे श्री परेश पारेख,पुणे - मुख्य संपादक तथा सर्वश्री मनोज जोशी,नागपुर,श्रीकांत,सेलम तथा मिलिंद आगाशे,पुणे ये उस समिती के सदस्य रहेंगे।

यह भी तय हुआ कि यह e-bulletin रहेगा।पहले कुछ दिनो तक bi monthly रहेगा तथा कुछ माह बाद उसे मासिक पत्रिका में परिवर्तित किया जायेगा।

यह पत्रिका संपर्क इस नाम से निकाली जायेगी।

यह निर्णय होने के पश्चात समिती के सभी सदस्यों ने यह तय किया कि इसका पहला अंक 14 अप्रेल, श्री बाबासाहब आंबेडकर जयंती के दिन प्रकाशित किया जायेगा।


निर्णयानुसार आज 14 अप्रेल को एन ओ आय डब्ल्यु का e - bulletin संपर्क प्रकाशित हो रहा है।

संपादक मंडल को बधाईया तथा ढेर सारी शुभकामनाये । संपर्क के माध्यम से एन ओ आय डब्ल्यु अपने अनेक विषय कर्मचारियों तक पहुचाने मे सफल होगा, यह विश्वास है।

**अतुल देशपांडे**

महामंत्री, NOIW

**समन्वय हमारी जिम्मेदारी**



* प्रत्येक संगठन के सभी कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल होना चाहिए। उसके लिए उनका आपस में संवाद होना आवश्यक है। परस्पर स्नेह होना आवश्यक है। आपस में खुलापन होना चाहिये, एक- दुसरे के बारे में सद्गुणों की चर्चा सदैव करे व अवगुणों की चर्चा सीधे उनके साथ या यथास्थान करने का परहेज रखना आवश्यक है। हम सभी अपूर्ण है,हमें मिलकर पूर्णांक होने का एक एहसास होना चाहिये, इस हेतु, हमें सभी को साथ लेकर चलने का आग्रह करना चाहिये। सभी महत्त्व के है और कोई भी अनिवार्य ( Indispensable) नहीं, यह भाव समझना आवश्यक है। यह वातावरण प्रत्येक संगठन में होना तथा संगठन में समन्वय व मिलकर कार्य करना आवश्यक है।

* निर्णय लेने के पहले सबसे बातचीत करना आवश्यक है। मत भिन्न हो सकते हैं परन्तु मन भिन्न न रहे ऐसा परस्पर आत्मीय संबंध होना आवश्यक है। मत अनेक परंतु निर्णय एक, अर्थात निर्णय होने के पूर्व अपना- अपना मत भाव से रखना यह स्वाभाविक होना चाहिए। परंतु सबके मत का निचोड़ के बाद यदि निर्णय हुआ तब अपना मत वही है ऐसा सोच रखने की मनोवृत्ती विकसित होनी चाहिए। सब एक मन से निर्णय को सफल बनाने के लिए काम करें, ऐसा वातावरण निर्माण करना, इसके लिए सबके विचार सुनना, सबसे चर्चा करना आवश्यक है।

* टीम भावना ( Team Spirit) यह अपने अपने संगठन मे आवश्यक है। चाहे वह जोनल स्तर, मंडल स्तर या शाखा स्तर का संगठन हो। हम सबका अपना प्रेरणा संगठन " नॅशनल ऑर्गनाईजेशन ऑफ ईन्श्योरेन्स वर्कर्स " से यह सामंजस्य सर्वप्रथम आवश्यक है। इस राष्ट्रीय संगठन को मजबुत करना यह आवश्यक है। इसकी समझ सभी कार्यकर्ताओं में निर्माण करना यह आवश्यक है। यह समझ संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में निर्माण होना आवश्यक है।

* व्यक्ति से बड़ा संगठन, संगठन से बड़ा विचार, उससे बड़ा राष्ट्र , यह क्रम सभी कार्यकर्ता के मन में पक्का होना अनिवार्य है। इस कारण अपना नाम, पद, प्रतिष्ठा, आर्थिक स्वार्थ को त्यागने का भाव व व्यवहार कार्यकर्ता में आ सकता है, दूसरे कार्यकर्ता द्वेष से मुक्त हो सकते है।

* ऐसे कार्यकर्ताओं का समुह एन ओ आय डब्ल्यु में खड़ा होने से संपूर्ण संगठन का स्तर बढ़ता है। साधारण कार्यकर्ता का नैतिक, सामाजिक , राष्ट्रीय स्तर बढता है जो राष्ट्र परिवर्तन हेतु आवश्यक है।

* ऐसे समझदार कार्यकर्ता एन ओ आय डब्ल्यु मे होने से सामंजस्य का भाव उत्पन्न होगा। झोनल, मंडल तथा शाखा स्तर के पदा धिकारी तथा कार्यकर्ताओं में यह समझ एवं सामंजस्य निर्माण होगा।

* हमारे उद्योग में अगर कोई समविचारी अर्थात राष्ट्रवादी संगठन जो साम्यवाद व पूंजीवाद से परे है तो उनके साथ हमारा संबंध तथा संपर्क बना रहना चाहिये।हमारे विचारों की ताकत हमारे उद्योग मे कैसी बढ़े इसका विचार होना जरुरी है।

* इस हेतु सबको एन ओ आय डब्ल्यु के स्थापना दिन , विश्वकर्मा तथा अन्य पर्व पर सभी को आमंत्रित करना, सबके मध्य जाना, सबके साथ चर्चा करना, श्रमिक नीतियोंपर अपनी भूमिका स्पष्ट करना , सब मिलकर उद्योग मे कर्मचारियों के संदर्भ मे नीति तय करना, आंदोलन की जानकारी देना, जिससे समन्वय साधने में हम अग्रेसर रह सकते है।

**हेमेश पटेल**

अध्यक्ष, NOIW

## | Organisational Tour |

Machilipatnam Divn : As part of Organisational Tour, on 5th April, 2022, Sri T. Surikumar, All India Org. Secy & T. Suman, Org. Secy, ZOIW, S.C. Zone, have visited Machilipatnam Divn. During this visit they met SDM, Machilipatnam at his chamber along with Divl Office-bearers & discussed Divl matters & other issues. Later, a Gate Meeting was arranged before Divl Office entrance. After slogan shouting, The gathering was apprised about the highlights of recently held All India Conference, various initiatives taken by NOIW for strengthening the Orgn., how recent politically motivated 2 days strike by some communist union was total failure & the stand of NOIW on IPO. Avanigadda BO located at a rural place was also visited during this tour. A Flag Post arranged in front of BO premises by our lone member, Sri Sambasiva Rao, Treasurer, IWO M'Patnam was inaugurated and NOIW's flag was unflurred. This event was attended by IWO Divl Office-bearers, Leaders of Fraternal Trade Unions & B.M. Sri K Chandrasekhar, Divl Gen.Secy addressing the gathering shared the history & achievements of NOIW. Other leaders have conveyed the greetings & Sri Sambasiva Rao proposed the Vote of Thanks.





पुणे विभाग के पूर्वाध्यक्ष श्री. रा. वा. कुलकर्णीजी को रामनवमी - उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देते हुए श्री. अ. वा. देशपांडे (पूर्वाध्यक्ष - सातारा विभाग), श्री. एकनाथ प्रभाग (उपाध्यक्ष - NOIW), श्री. मिलींद आगाशे ( सहसचिव- NOIW), श्री. अजीत परांजपे (Treasurer - ZOIW), श्री. विक्रम भट (महासचिव-PDIWO I) एवं अन्य कार्यकर्ता.

## परिवार में नये सदस्योंका हार्दिक स्वागत

पटना - 5 सदस्य , मेरठ - 11 सदस्य
सिलचर, अजमेर, चैनई, तंजावर, तिरूनवेली, मुंबई, पुणे-I और पुणे-II - 1 सदस्य

## List of Circulars/Letters issued by CO with respect to Employees' Benefits/Issues

Ref: CO/ PR/ER-A, dated 24-2-22.
Sub: Condonation of EOL for the purpose of NGI for participation in strike on 18/3/21.

Ref: CO/OS(P) dt 25-2-22
Sub: Revision in Housing Loan Scheme extended to retired employees.

Ref: CO/Per/ER-A/286/2022, dt 8-3-22
Sub: Option for Increased Cover and Inclusion of independent children under Group Mediclaim Scheme

Ref:CO/OS/P/GVR/21-22/05, dt 16-3-22
Sub : Supply of Briefcases/ leather bags for Class - I Officers.

Ref:CO/PER/ER-A/CL/82, dt 17-3-22
Sub: Extention of date of submission for increased cover option and independent children's Inclusion under Group Mediclaim Scheme.

Ref:CO/Per/ER-A/287/2032, dt 21-03-22
Sub: Revision of Income Limit for Dependency criteria.

Ref: CO/Per/ER-A/288/2022, dt 22-03-22
Sub: Revised Half-day working hours

Letter dated 29th March,2022
Sub: Launch of Online Review Module for Annual Revision of Acturial Core Group Officers

Letter dated 31st March, 2022
Sub: Mandatory wearing of Identity Cards in Office

Ref: CO/ Per/ ER-A/ 291/2022, dt 01-04-22
Sub: Pre Promotional coaching classes for OBC Employees.

Ref: CO/ Per/ER/ 290/2022, dt 04-04-22
Sub: Revision of Interest Rates under Housing Loan Scheme for employees

Ref: CO/ Per/ER-A/ 292/2022, dt 06-04-22
Sub: Renewal of Group Mediclaim Family Floater Policy for the year 2022-23

(This is general gist. Please refer the circulars on intranet for complete details.)

## DA News

As per index figures (2016=100) the consumer price index for Jan-2022 is 125.1 for Feb-22 is 125.0 if it remains same for Mar-22, D.A will decrease likely by 4 slabs (-4) from May-22. (Present slabs 471)

आपके विचार और सुझावों का हमे noiwnewsbulletin@gmail.com पर इंतजार है।

संपादक
परेश पारेख (पुणे)

मिलींद आगाशे (पुणे) | मनोज जोशी (नागपूर) | श्रीकांथ (सेलम)

Published by General Secretary, N.O.I.W. @ Pune